# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–13 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सवेरे पंजाब में आदमपुर वायुसेना केंद्र का दौरा किया और वीर जवानों के साथ बातचीत की। बातचीत के दौरान श्री मोदी ने जवानों के शौर्य की सराहना की और उनका मनोबल बढ़ाया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आदमपुर एयर बेस का दौरा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के मद्देनजर हुआ, जिसे पहलगाम आतंकी हमले के बाद शुरू किया गया था। सशस्त्र बलों के जवानों के साथ बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र सशस्त्र बलों के पराक्रम के लिए उनका सदा ऋणी रहेगा। उन्होंने जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए उनके साथ भारत माता की जय के नारे लगाए। कल, श्री मोदी ने आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित किया था और जोर देकर कहा था कि देश पर किसी भी आतंकी हमले का कड़ा और दृ ढ़ जवाब दिया जाएगा और नई दिल्ली परमाणु हथियारों की धमकी से नहीं दबेगा। इस बीच, आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में सीडीएस अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। दिवाकर के साथ अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

**********

ऑपरेशन सिंदूर और भारत पाकिस्तान युद्ध विराम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्र के नाम सम्बोधन में पहलगाम आतंकी हमले की बर्बरता और उसके बाद की गई जवाबी कार्रवाई की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अब हर आतंकी और आतंकी संगठन जान चुका है कि हमारी बहन बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है।

*ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नई लकीर खींच दी है। एक नया पैमाना न्यू नार्मल तय कर दिया है। पहला भारत आतंकी हमला हुआ तो मुहतोड़ जवाब दिया जायेगा। हम अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे जहां से आतंक की जड़ें निकलती है, दूसरा कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। न्यूक्लियर ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। तीसरा हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग–अलग नहीं देखेंगे।*

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि देश ने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है। आने वाले दिनों में पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापा जाएगा कि वह क्या रवैया अपनाता है।

**********

भारत और पाकिस्तान के बीच कल शाम सैन्य संचालन महानिदेशक–डीजीएमओ स्तर की वार्ता में कई अहम निर्णय लिये गये। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों में इस बात पर सहमति बनी कि किसी भी पक्ष को एक भी गोली नहीं चलानी चाहिए या एक–दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। साथ ही तय हुआ कि दोनों पक्ष सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करेंगे। इस बीच, यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर आज देश के कई हिस्सों के लिए उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। एक रिपोर्ट–

*एयर इंडिया ने कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर जम्मू, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ और राजकोट से उड़ानों का प्रस्थान और आगमन आज के लिए रद्द किया गया है। अधिक जानकारी के लिए यात्री एयरलाइन से संपर्क कर सकते हैं और वेबसाइट देख सकते हैं। वहीं, इंडिगो ने भी आज के लिए जम्मू, श्रीनगर, लेह, अमृतसर, चंडीगढ़ और राजकोट हवाई अड्डों से आने–जाने वाली सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है। हांलाकि दिल्ली हवाई अड्डे पर उडानें सामान्य रूप से चल रही हैं। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।*

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने बारहवीं और दसवीं कक्षा के परिणामों की घोषणा कर दी है। इस वर्ष बारहवीं कक्षा के अठासी दशमलव तीन–नौ प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव चार एक प्रतिशत अधिक है। प्रदेश के शामली जिले के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की बारहवीं की छात्रा सावी जैन ने इस परीक्षा में पूरे देश में टॉप किया है। सावी जैन को पांच सौ में से चार सौ निन्यानवे अंक हासिल हुए हैं।

वहीं, दसवीं कक्षा के तिरानवे दशमलव छह–छह प्रतिशत विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा पास की, जो पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव शून्य–छह प्रतिशत अधिक है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बर्ड फ्लू से सुरक्षा के लिए प्राणी उद्यानों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। बर्ड फ्लू संक्रमण के आशंका के मद्देनजर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों के साथ आज उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस बीमारी का संक्रमण रोकने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी पोल्ट्री फार्मों की मानकों के अनुरूप विशेष निगरानी का भी निर्देश दिया।

**********

पूरे प्रदेश में ज्येष्ठ माह का बड़ा मंगल आज धार्मिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है। अयोध्या के हनुमानगढ़ी में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह है। इस अवसर पर प्रदेश के अलग अलग जिलों में जगह जगह भंडारे लगाए जा रहे हैं।

**********